# सीलिंग की कार्रवाई से बचने को बकायादार भरें अपना प्रॉपर्टी टैक्स

◆ *नगर निगम के आयुक्त अखिल पिलानी ने प्रापर्टी मालिको को प्रॉपर्टी टैक्स समय पर जमा करवाए जाने के दिए निर्देश*

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों पर नगर निगम बड़ी कार्रवाई करने के मूड में है। एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स धारकों की नगर निगम ने प्रॉपर्टी सील करने की तैयारी कर ली है। नगर निगम द्वारा एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के 2800 प्रॉपर्टी मालिकों को नोटिस जारी किए हैं। इन पर 30 करोड़ रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। यदि प्रॉपर्टी टैक्स अदा नहीं किया गया तो नगर निगम द्वारा प्रॉपर्टी सील करने की कार्रवाई की जाएगी। नगर निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने यह जानकारी दी।

उन्होंने प्रॉपर्टी टैक्स धारकों से समय पर अपने प्रॉपर्टी टैक्स का भुगतान किए जाने के लिए आहवान किया है। उन्होंने बताया कि 31 जुलाई तक प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर सरकार द्वारा 10 प्रतिशत की छूट दी जा रही है। समय सीमा खत्म होने के बाद पूरे ब्याज समेत पूरा प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। जिन संपत्ति धारकों को नोटिस जारी किए गए हैं। यदि उन्होंने समय पर टैक्स जमा नहीं कराया तो निर्धारित अवधि के बाद उनकी प्रॉपर्टी को सील कर दिया जाएगा।

## प्रॉपर्टी टैक्स समय पर जमा नहीं करवाने वालों को जारी किए जाएंगे नोटिसः निगमायुक्त

### 31 जुलाई तक छूट का लाभ

नगर निगम के निगमायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि सरकार द्वारा 31 जुलाई तक



प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराने पर 10 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की है। जिसके तहत संपत्ति धारक 31 जुलाई से पहले अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं और सरकार की योजना का लाभ उठाए। 31 जुलाई के बाद कोई छूट नहीं दी जाएगी और पूरे ब्याज समेत पूरा प्रॉपर्टी टैक्स वसूला जाएगा। टैक्स न देने वालों की संपत्ति सील की जाएगी

### एक लाख से अधिक के बकायादारों को देंगे नोटिस, टैक्स नहीं भरने पर प्रॉपर्टी होगी सील

निगम आयुक्त अखिल पिलानी ने बताया कि एक लाख रुपये से अधिक प्रॉपर्टी टैक्स के बकाएदारों को हरियाणा नगर निगम अधिनियम 1994 की धारा 113 की उपधारा (1)व (2) और धारा 130 के नोटिस जारी किए गए हैं। नगर निगम द्वारा एक लाख से पांच लाख रुपये और पांच लाख से दस लाख और दस लाख रुपये से अधिक के प्रॉपर्टी टैक्स बकायेदारों की अलग अलग कैटेगरी बनाई है।

अंतिम नोटिस जारी करने के बाद इन्हें सील करने की तैयारी की जाएगी। प्रॉपर्टी टैक्स धारकों से अपील है कि वे सीलिंग कार्रवाई से




बचने के लिए अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा कराएं। प्रॉपर्टी टैक्स के बकायेदारों में शहर के बड़े मॉल, सिनेप्लेक्स, इंडस्ट्री, शिक्षण संस्थान, अस्पताल, ऑटोमोबाइल, राइस मिल व मैरिज पैलेस समेत बड़े रसूखदारों की संपत्तियां शामिल हैं। निगम कर्मी प्रॉपर्टी मालिकों के उनकी प्रॉपर्टी पर जाकर नोटिस दे रहे हैं।

जो व्यक्ति अपनी प्रॉपर्टी पर नहीं मिलता तो उसकी दीवार या गेट पर नोटिस चस्पाया जा रहा हैं। कई संपत्ति मालिक इन्हें रिसीव करने से बचते रहे। किसी तरह निगम कर्मियों ने नोटिस रिसीव कराए गए हैं। नोटिस देने के बाद भी जो संपत्ति धारक प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं करवाएगा। उसकी संपत्ति को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने संपत्ति धारकों से समय पर अपना प्रॉपर्टी टैक्स जमा करवाए जाने के लिए आहवान किया है।

## खबर संक्षेप

### घर का ताला तोड़कर 12 बोर की गन चोरी

**यमुनानगर।** बिलासपुर में चोरों ने सूने घर का ताला तोड़कर 12 बोर की गन चोरी कर ली। परिवार के सदस्य जब घर लौटे तो उन्हें घर से गन गायब मिली। सूचना के बाद पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। ओल्ड पेट्रोल पंप बिलासपुर निवासी बेअंत कौर ने बताया कि वह परिवार के साथ पांच जुलाई को किसी काम से घर से बाहर गई थी। देर शाम जब वह घर वापस लौटे तो घर का लगा ताला टूटा हुआ था और अंदर सामान बिखरा पड़ा था। जांच करने पर घर से अलमारी में रखी 12 बोर की एक गन गायब मिली।

### काम पर गया था पति पत्नी घर से हुई फरार

यमुनानगर। बिलासपुर थाना क्षेत्र निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि सात जुलाई को सुबह वह काम पर गया था। उसकी 24 वर्षीय पत्नी घर पर अकेली थी। जब वह काम से वापस लौटा तो पत्नी गायब मिली। काफी तलाश करने के बाद भी उसका कुछ भी पता नहीं चला। पता चला कि उसकी पत्नी को गांव का ही मोहित कुमार शादी का झांसा देकर अगवा करके ले गया है।

### काम की कहकर घर से गई युवती हुई लापता

**रादौर ।** रादौर थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि उसकी लड़की पांच जुलाई को रात आठ बजे किसी काम से घर से बाहर गई थी। जांच की तो पता चला कि गांव का ही युवक सागर संधू शादी का झांसा देकर उसे अपने साथ ले गया।

### राष्ट्रव्यापी हड़ताल: मिलाजुला असर, कुछ संगठन शामिल, कुछ ने किया बहिष्कार

# चक्का जाम रहा बेअसर, पुलिस की पहरेदारी में रवाना हुई रोडवेज बसें

ट्रेड यूनियनों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान सुचारू रूप से चली रोडवेज और सहकारी बसें, कुछ जगह यात्रियों को हुई परेशानी हड़ताल के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सतर्क रही पुलिस




**यमुनानगर।** हड़ताल के दौरान रोष जुलूस निकालते विभिन्न कर्मचारी संगठन।



यमुनानगर। आंगनवाड़ी वर्कर्स एंड हेल्पर्स ने सीडीपीओ कार्यालय में किया प्रदर्शन।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

ट्रेड यूनियनों द्वारा आयोजित की गई राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में मिलाजुला असर रहा। इस दौरान सर्वकर्मचारी संघ समेत कई कर्मचारी संगठनों ने जहां राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर धरना प्रदर्शन किए। वहीं, कुछ कर्मचारी संगठनों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल का बहिष्कार कर रोज की तरह अपने कार्य स्थल पर काम किया। वहीं, रोड़वेज कर्मचारी यूनियनों द्वारा राष्ट्रव्यापी हड़ताल के दौरान चक्का जाम करने की घोषणा भी बेअसर दिखाई दी। इस दौरान प्राइवेट व कुछ परिवहन निगम की बसें सुचारू रुप से अपने रूटों पर चलती रही। हालांकि कुछ स्थानों पर सवारियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### ये संगठन हुए शामिल

बुधवार को सर्व कर्मचारी संघ, नपा कर्मचारी संघ, पीडब्ल्यूडी, बीएंडआर, जनस्वास्थ्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन, इंटक, एटक, सीटीयू, रिटायर्ड कर्मचारी संघ व किसान सभा के हजारों सदस्य शहर में एकत्र हो गए। इस दौरान उन्होंने नगर में रोष जुलूस निकालकर प्रदर्शन किया। उन्होंने केंद्र व राज्य सरकार पर कर्मचारी व जनविरोधी नीतियां अपनाने का आरोप लगया।

राष्ट्रव्यापी हड़ताल में सर्व कर्मचारी संघ, भारतीय राष्ट्रीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस,अखिल भारतीय ट्रेड यूनियन कांग्रेस, हिंद मजदूर सभा, सीआईटीयू, एआईयूटीयूसी, टीयूसीसी, स्व नियोजित महिला संघ, अखिल भारतीय केंद्रीय ट्रेड यूनियन परिषद, श्रम प्रगतिशील महासंघ व यूटीयूसी के सदस्यों ने भी राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग लेकर कामकाज ठप रहा। वहीं,अधिकांश कर्मचारी यूनियनों के कर्मचारियों ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में भाग नहीं लेकर अपना कामकाज सुचारू रुप से जारी रखा।

### असफल रहे प्रयास

बुधवार सुबह रोड़वेज की कुछ यूनियनों के सदस्यों ने बस स्टैंड पर पहुंचकर बसों का चक्का जाम करवाए जाने का प्रयास किया। मगर इस दौरान भारी पुलिस बल तैनात होने की वजह से कुछ परिवहन बसें अपने रुटों पर रवाना हो गई। प्राइवेट बसें भी सुचारु रुप से चलती रही। जिससे चक्का जाम का असर दिखाई नहीं दिया और स्थिति नियंत्रण में रही। हालांकि कुछ स्थानों पर यात्रियों को परेशानी हुई। पुलिस की मौजूदगी के चलते रोडवेज कर्मियों के प्रयास सफल नहीं हो पाए।

### आंगनवाड़ी वर्कर्स ने किया प्रदर्शन

ऑल इंडिया ट्रेड यूनियन के आवाहन पर आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर ने राष्ट्रव्यापी हड़ताल में बढ़चढ़कर भाग लिया। उन्होंने सीडीपीओ कार्यालय परिसर में एकत्रित होकर धरना दिया। इस दौरान उन्होंने सरकार के खिलाफ नारेबाजी भी की। आंगनवाड़ी वर्कर्स हेल्पर यूनियन की नेता रीता कत्याल ने कहा कि आंगनवाड़ी वर्कर्स व हेल्पर का जमकर शोषण किया जा रहा है। उनसे कई कई काम एक साथ करवाए जा रहे हैं। जबकि मानदेय इतना कम दिया जा रहा है। जिससे उन्हें अपने परिवारों का खर्च चलाना भी मुश्किल हो रहा है। उन्होंने सरकार से आंगनवाड़ी वर्कर्स की मांगे जल्द पूरी किए जाने की मांग की। उन्होंने चेतावनी दी कि उनकी यदि मांगे पूरी नहीं की गई तो वह इससे भी बड़ा आंदोलन करने पर मजबूर होंगी। मौके पर यूनियन की वरिष्ठ उपप्रधान अंग्रेजो देवी, उर्मिला, लक्ष्मी, गुरमेलो, रमा, सुगंधा, प्रीति, कुसुम, नीरू गौतम, सुमित, नीलम व वंदना आदि मौजूद रहे।



# बाड़ी माजरा पुल के पास पश्चिमी यमुना नहर में बहे युवक व युवती

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

- युवती को बचाने के लिए पानी में कूदा था युवक, दोनों का सुराग नहीं।
- गोताखोरों की सहायता से युवक व युवती को ढूंढने में जुटी पुलिस।

शहर के बाड़ी माजरा पुल के पास बीती रात पश्चिमी यमुना नहर में एक युवती व युवक पानी के तेज बहाव में बह गए। बताया जा रहा है कि पहले युवती ने पानी में छलांग लगाई थी। जिसे बचाने के लिए युवक भी पानी में कूद गया। मगर दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से दोनों को ढूंढने का प्रयास किया मगर उनका बुधवार शाम तक समाचार लिखे जाने तक कोई भी सुराग नहीं लग पाया।जानकारी के अनुसार छोटी लाइन पंचायती गुरुद्वारा निवासी 25 वर्षीय युवती रात करीब आठ बजे पश्चिमी यमुना नहर पर बाड़ी माजरा पुल के पास पहुंची और उसने पश्चिमी यमुना नहर में छलांग लगा दी। इस दौरान वहां पर पारस नामक युवक मौजूद था। युवक भी युवती को बचाने के लिए पानी में कूद गया। मगर वह दोनों पानी के तेज बहाव में बह गए। उनका कुछ भी सुराग नहीं लग पाया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने गोताखोरों की सहायता से दोनों को ढूंढने का प्रयास किया। मगर बुधवार शाम तक खबर लिखे जाने तक दोनों का कोई भी सुराग नहीं लग पाया। पुलिस गोताखोरों की मदद से लगातार नहर में युवती व युवक की तलाश करने में लगी है। मौके पर युवक व युवती दोनों के परिजन भी दोनों की तलाश कर रहे हैं। मामले की जांच कर रही पुलिस का कहना है कि युवती व युवक दोनों की लगातार नहर में तलाश की जा रही है। उनके बारे में पता चलने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### बाइक सवार युवक ने महिला से झपटा पर्स, केस दर्ज

**यमुनानगर।** जगाधरी की विशाल नगर कॉलोनी में बाइक सवार युवक ने महिला से पर्स झपट लिया। पर्स में उसका मोबाइल फोन तथा जरूरी दस्तावेज थे। पुलिस ने केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जगाधरी की विजय कॉलोनी निवासी अंग्रेजो देवी ने बताया कि वह शाम छह बजे किसी काम से जा रही थी। जब वह विशाल नगर में पहुंची तो बुलेट बाइक पर सवार युवक ने उसके हाथ से पर्स झपटकर मौके से भाग गया। शोर मचाने पर आसपास के लोगों ने आरोपियों का पीछा कर उसे पकड़ने का प्रयास किया मगर आरोपी मौके से भागने में कामयाब हो गया। अंग्रेजो देवी ने बताया कि उसके पर्स में मोबाइल, आधार कार्ड, दो एटीएम कार्ड, वोटर कार्ड व अन्य जरूरी दस्तावेज थे।



### रोटेरियन पूजा माटिया दूसरी बार बनीं प्रधान

**रादौर।** रोटरी क्लब वूमेंस सेल की नीलम बंसल की अध्यक्षता में हुई बैठक में वूमेंस सेल कार्यकारिणी का गठन किया गया। क्लब की उन्होंने बताया कि सर्वसम्मति से रोटेरियन पूजा माटिया को लगातार दूसरी बार प्रधान नियुक्त किया गया है। साक्षी पुरुथी को सचिव, लक्ष्मी चोपड़ा को इनरव्हील क्लब का प्रधान नियुक्त किया गया है। नवनियुक्त पदाधिकारियों को महिला सदस्यों की ओर से सम्मानित किया गया। नवनियुक्त प्रधान पूजा माटिया व नवनियुक्त इनरव्हील क्लब प्रधान लक्ष्मी चोपड़ा ने बताया कि उनकी प्राथमिकता संगठन को मजबूत बनाना होगी। महिलाओं को क्लब के साथ जोड़कर शहर में समाजसेवा से जुड़े कार्य किए जाएंगे। महिलाओं को शिक्षित करने व बच्चों के विकास के लिए क्लब की ओर से कार्य किए जाएंगे। उन्होंने प्रधान बनाए जाने पर सभी का आभार जताया। इस मौके पर मंजू मंढाण, संजना सलूजा, लीला रोहिल्ला, खुशी ककड, रानी सैनी, नीलम मेहता, वीना चोपड़ा, साक्षी पुरुथी, गीतिका जौहर, सुमन शर्मा, रजविंदर सैनी, परमजीत कौर व रितु शर्मा मौजूद रही।

### शादी का झांसा देकर महिला के साथ दुष्कर्म

**यमुनानगर।** शहर की एक कॉलोनी में युवक ने शादी का झांसा देकर महिला के साथ करीब दो साल तक दुष्कर्म किया। बाद में आरोपी ने महिला को शादी करने से मना कर दिया। पुलिस ने युवक के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। 32 वर्षीय महिला ने बताया कि पति से तलाक के बाद वह मायके रह रही थी। जहां उसकी मुलाकात राहुल से हुई। राहुल ने उसे प्रेम में फंसाया। 6 नवंबर 2023 को आरोपी ने उसे मिलने को बुलाया व शादी का झांसा देकर उसके साथ गलत काम किया। करीब दो साल उसके साथ संबंध बनाता रहा। बाद में जब शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसे शादी करने से मना कर दिया।



### पेड़ हैं मानव जीवन का आधार : इंदिरा देवी

**रादौर।** रावमावि चमरोड़ी में इको क्लब की ओर से बुधवार को एक पेड़ मां के नाम से स्कूल में पौधरोपण किया गया। इको क्लब इंचार्ज पवन रोहिल्ला ने बताया कि जीवन में पौधों का विशेष महत्व है। यह हमें शुद्ध ऑक्सीजन देते हैं। हर विद्यार्थी को व हर व्यक्ति को एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए। प्राचार्या इंदिरा देवी ने बच्चों को पौधों के महत्व बताते हुए कहा पेड़ ही हमारे जीवन का आधार हैं। इसलिए हमें इनको लगाने के साथ-साथ इनकी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी लेनी चाहिए। विपिन कुमार ने कहा कि पेड़ों के बिना मानव जीवन संभव नहीं है। यदि हमने समय रहते पौधारोपण की तरफ ध्यान न दिया तो आने वाले समय में इसके हम सभी को गंभीर परिणाम भुगतने होंगे। इस मौके पर जसविंद्र, संत कुमार, नीरज, राजेंद्र, सतीश, प्रवीन, निर्मल, मुन्ना, मंजू, रूबी, मीनू, मीना व रेखा मौजूद रहे।

### साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर व्यक्ति से ठगे 3.10 लाख

**यमुनानगर।** साइबर ठगों ने पुलिस अधिकारी बनकर गांव लाकड़ मय प्रतापपुर निवासी प्रदीप कुमार से तीन लाख 10 हजार रुपये ठग लिए। उसे जब अपने साथ हुई ठगी का पता चला तो उसने मामले की सूचना साइबर क्राइम थाना पुलिस में दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद अज्ञात साइबर ठगों के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। प्रदीप कुमार ने बताया कि गत सात मई को उसके मोबाइल पर एक व्यक्ति का फोन आया। जिसने खुद को पुलिस का बड़ा अधिकारी बताया। आरोपी ने उसे गिरफ्तारी का डर दिखाकर समझौते के लिए अकाउंट में तीन लाख 10 हजार रुपए ट्रांसफर करने के लिए कहा। वह आरोपी की बातों में आ गया और उसने आरोपी के दिए गए अकाउंट में ऑनलाइन तीन लाख 10 हजार रुपए जमा करवा दिए। आरोपी ने उस पर फिर से पैसे ट्रांसफर करने का दबाव बनाया तो उसे अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ।

### हल्की बरसात ने खोल दी नपा की पोल

**रादौर।** रादौर में बुधवार को हुई हल्की सी बरसात ने नगरपालिका के कार्यों की पोल खोल कर रख दी। कस्बे के कई इलाकों में पानी भरने से आम जनता को खासी परेशानी झेलनी पड़ी। बुधवार को रादौर में 15 से 20 मिनट की बरसात हुई। जिससे कॉलेज रोड, छिंबी मोहल्ला, पटाक माजरी व अन्य जगहों पर बरसाती पानी से गलियां व सड़कें लबालब हो गई। जिस पर बोलने से अधिकारी बचते दिखें। राजपाल, सुदेश, कमलेश, मनीष, शेर सिंह, नीरज, संयम, प्रदीप, व कर्ण ने बताया कि नपा ने पानी की निकासी के लिए किए गए प्रबंध ठीक नहीं है। अधिकारी व कर्मचारी उनकी समस्याएं जानने के लिए उनके पास तक नहीं आते। अधिकारी लोगों से उनकी समस्याओं के बारे में बात करना तो दूर अधिकारी उनको टरकाने का ही काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन के उच्चाधिकारियों से मांग की है कि बरसात के दिनों में बरसाती पानी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए। उन्होंने इस संबंध में गंभीरतापूर्वक पानी निकासी के प्रबंध किए जाने की मांग की।



रादौर में हल्की सी बरसात में छिंबी मोहल्ला में गली में भरा बरसाती पानी।

# कल से कावड़ यात्रा, रुट डाइवर्ट शिविर के लिए लेनी होगी अनुमति

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

जिले में कावड़ियों की सुरक्षा व कावड़ यात्रा के रुट और यातायात डायवर्सन को लेकर लघु सचिवालय में पुलिस अधिकारियों की बैठक हुई। बैठक में एसपी सुरेंद्र भौरिया ने जिले में कांवड़ियों की पुख्ता सुरक्षा के निर्देश दिए।

एसपी ने बताया कि हरियाणा समेत पंजाब, हिमाचल, जम्मू कश्मीर समेत अन्य प्रदेशों के लाखों कावड़िये हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर जिले की सड़कों से होते हुए जाएंगे। कावड़ यात्रा 11 से 23 जुलाई तक चलेगी। इसके सफल आयोजन व कावड़ियों की सुरक्षा को देखते हुए पुलिस ने जिले भर में पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। कावड़ यात्रा में जल लेकर आने वाले कांवड़ियों को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो इसे लेकर यमुनानगर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चुस्त व मुस्तैद है।

कावड़ियों को किसी तरह की सड़क पर चलने के लिए परेशानी ना हो इसको लेकर के यह सभी राइडर व गाड़िया समय समय पर जिले में गस्त करेंगी।



### शिविर लगाने से पहले लेनी होगी अनुमति

एसपी सुरेंद्र सिंह भौरिया ने कहा कि जिले में कावड़ियों की सेवा व विश्राम करने के लिए यात्रा के दौरान विभिन्न संस्थाओं व श्रद्धालुओं द्वारा विभिन्न स्थानों पर शिविर लगाए जाते हैं। वह प्रशासन से अनुमति लेकर शिविर लगाएं। उन्होंने अधिकारियों को शिविरों के आयोजकों को कावड़ शिविरों में पंडाल में पर्याप्त सीसीटीवी कैमरे लगवाए जाने, महिलाओं व पुरूषों के लिए अलग अलग शौचालय की उचित व्यवस्था करवाए जाने, कावडियों के शिविर अन्य समुदाय के धार्मिक स्थानों से उचित दूरी पर लगाए जाने व पार्किंग व्यवस्था भी सड़क से दूर करवाए जाने के निर्देश दिए। बैठक में एडिशनल एसपी अमरिंदर सिंह, डीएसपी कवलजीत सिंह, हरविंदर सिंह, सभी थाना प्रबंधक, चौकी इंचार्ज तथा थाना यातायात प्रभारी ने भाग लिया।

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने जारी की जिला कार्यकारिणी की सूची

# रामपाल नंबरदार समेत बनाए 6 जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज. यमुनानगर

भारतीय जनता पार्टी द्वारा गत दिनों जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के बाद बुधवार को जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। भाजपा जिला कार्यकारिणी में रामपाल नंबरदार समेत छह कार्यकर्ताओं को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। जबकि कपिल मनीष गर्ग को लगातार दूसरी बार जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई है। उक्त जानकारी भाजपा के जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बुधवार को पार्टी के जिला कार्यालय में जिला कार्यकारिणी की सूची जारी करते हुए दी।

भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा जिला यमुनानगर संगठन को और अधिक मजबूत, सुदृढ़ और जमीनी स्तर तक सक्रिय बनाने के उद्देश्य से उन्होंने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल बडोली व भाजपा प्रदेश संगठन मंत्री फनींनदर नाथ शर्मा के साथ विचार विमर्श करके जिला की नई कार्यकारिणी के पदाधिकारियों की नियुक्ति की है। उन्होंने बताया कि भाजपा जिला कार्यकारिणी में रामपाल नंबरदार, वीरेंद्र मुंझाल, विनीत कौर, रणधीर राणा,विभा गुप्ता व सविता कांबोज को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं, प्रवीण कुमार व नरेंद्र सिंह राणा को जिला महामंत्री बनाया गया है। जबकि सुंदर लाल, अभिषेक अरोड़ा,प्रभा सागर, शालिनी शर्मा, बलराम सैनी व जय प्रकाश को सह सचिव बनाया गया है।



**यमुनानगर।** पार्टी कार्यालय में भाजपा जिला कार्यकारिणी की सूची जारी करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा व अन्य। *फोटो : हरिभूमि।*

### कपिल मनीष गर्ग लगातार दूसरी बार मीडिया प्रभारी

कपिल मनीष गर्ग को लगातार दूसरी बार जिला मीडिया प्रभारी की जिम्मेवारी दी गई है। उन्होंने बताया कि कार्यकारिणी में पूर्व विधायक ईश्वर पलाका को प्रवक्ता, जगदीश विद्यार्थी को कोषाध्यक्ष, शुभम दत्ता को जिला आईटी प्रमुख व विपिन साहनी को जिला सोशल मीडिया प्रमुख बनाया गया है। जबकि मन की बात कार्यक्रम जिला प्रमुख सुरेन्द्र शर्मा को बनाया गया है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने बताया कि भाजपा की जिला सूची में पांच पदाधिकारी महिलाएं हैं। भाजपा महिलाओं को राजनीति में आगे बढ़ाने का कार्य कर रही है। वहीं, जिला पदाधिकारीयों की लिस्ट में पुराने अनुभवी नेताओं के साथ नए नेताओं को भी तवज्जो दी गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष राजेश सपरा ने भाजपा जिला यमुनानगर के नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि भाजपा जिला यमुनानगर संगठन को जमीनी स्तर तक मजबूत करने के लिए यह पूरी टीम एकजुट होकर कार्य करेगी और समाधान हेतु सदैव तत्पर रहेगी।

## रोडवेज के चक्का जाम का कोई असर नहीं, सुरक्षा के रहे पुख्ता प्रबंध

# राष्ट्रव्यापी हड़ताल का जिले में रहा मिला-जुला असर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

ट्रेड यूनियनों के आह्वान पर कर्मचारियों की देश व्यापी हड़ताल का मिलाजुला असर देखने को मिला, जहां सरकारी विभागों के कर्मचारी अपनी ड्यूटी पर दिखाई दिए वहीं रोडवेज का चक्का जाम का कोई असर नहीं था। किसी भी हालात से निपटने के लिए पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हुए थे। विभागों के कर्मचारी उपायुक्त कार्यालय कुरुक्षेत्र में इक्टठा हुए व सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की संयुक्त अध्यक्षता सीटू नेता सुनील रत्न, ओमप्रकाश जिला प्रधान सर्व कर्मचारी संघ व प्रताप सिंह किसान सभा ने की। संचालन अनील कुमार सीटू व बलराम कुंडू ने किया। सभा को सम्बोधित करते हुए ट्रेड यूनियन व कर्मचारी नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार अपने चहेते पूंजीपती घरानों को फायदा पहुंचाने के लिए लेबर कोड लागू कर रही है। काम के घंटे 8 से बढ़ाकर 12 घण्टे तक किया जा रहा हैं, सरकार तमाम सरकारी विभागों शिक्षा, स्वास्थय, परिवहन, बिजली, सिचांई, जन स्वास्थय, नगरपालिका, शिक्षा बोर्ड वन विभाग व अन्य तमाम सरकारी क्षेत्र व सार्वजनिक क्षेत्रों को पूंजीपति घरानों को कौडियों के भाव बेचने पर तुली हुई हैं। पुरानी पैंशन की जगह नई पैशन नीति (यूपीएस) लागू कर रही हैं जिसका नोटिफिकेशन एक अगस्त से लागू कर रही है। आज एक तरफ लाखों बेरोजगार यूवा सड़कों की खाक छान रहे हैं दूसरी ओर सरकार पक्की भर्ती के स्थान पर कच्चें कर्मचारियों की फौज खड़ी कर रही हैं जिसका उदाहरण के तौर पर हरियाणा रोजगार कौशल निगम है। जिनकों कम वेतन पर काम करने के लिए मजबूर किया जा रहा हैं और ना ही उनकी कोई स्थाई नौकरी हैं उनकों बार-बार नौकरी जाने का डर सता रहा है। कई -कई सालों से काम कर रही जियों टैग के बहाने ऑनलाईन हाजिरी व कम वेतन व वो भी समय पर ना मिलने के चलते मनरेगा को खत्म किया जा रहा हैं।



कुरुक्षेत्र। सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते कर्मचारी।



कुरुक्षेत्र। लघु सचिवालय समक्ष धरने पर बैठे कर्मचारी।

### ये रहे मौजूद

इस मौके पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य उप महा सचिव संदीप सांगवान, श्याम लाल, सुरेंद्र यादव, बलदेव राज, दीपक कुमार, जितेन्द्र बंसल, पिंकी देवी, रोशनी देवी, करनैल सिंह, राजकुमार सारसा, ओमप्रकाश किसान नेता, रामेश्वर आजाद, प्रमजीत कौर, महावीर दहिया, भीम सिंह सैनी, संत कुमार, उषा, सुभाष चंद्र, रोशन फौजी, मान सिंह, अक्षय कुमार,डा नफे सिंह, सुरेंद्र सिंह, रामफल, बिट्टू रंगा, विशाल सैन, सतीश कुमार, चंद्रभान रोडवेज, रणजीत सिंह करोड़ा व सर्वजीत सिंह रोडवेज महेंद्र पाल पब्लिक हेल्थ, सुदर्शन हरियाणा विद्यालय अध्यापक संघ जिला सचिव आदि ने भी अपनी बात रखी।

## सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ की नारेबाजी

**पिहोवा।** ट्रेड यूनियन की राष्ट्रव्यापी हड़ताल के आह्वान पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा पिहोवा ब्लॉक के प्रधान बलवान मोर की अध्यक्षता में पब्लिक हेल्थ के प्रांगण के सामने कर्मचारियों ने हरियाणा सरकार और केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी की गई। संचालन ब्लॉक सचिव मुकेश गोस्वामी ने किया। संयुक्त रूप से कर्मचारियों को संबोधित करते हुए बलवान मोर, मुकेश गोस्वामी और बिजली विभाग से आल हरियाणा पॉवर कॉपोरेशन वर्कर यूनियन पिहोवा यूनिट सचिव गुरचरण संधू ने कहा कि केंद्र सरकार ने 29 श्रम कानूनों को हटाकर मजदूर विरोधी 4 कानून लागू कर दिए हैं। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट 2003 और इलेक्ट्रिसिटी अमेंडमेंट बिल 2022 को बिजली विभाग में लागू कर रही है जिससे आम जनता से सस्ती दरों में बिजली का अधिकार छीना जा रहा है और कॉपोरेट घरानों को लाभ पहुंचाया जा रहा है। हड़ताल से पहले 14 दिन नोटिस देना जरूरी है, अब विभाग कंपनियां कर्मचारियों को बिना किसी स्थायित्व के ठेके पर रख सकती है और निकाल सकती हैं जैसे सक्षम कर्मचारी 100 घंटे का काम। यूनियन नेताओं ने केंद्र सरकार और हरियाणा सरकार से मांग की है कि सभी विभागों में निजीकरण पर रोक लगाई जाए, सभी कर्मचारी साथियों को नियमित किया जाए, 26000 न्यूनतम वेतन लागू हो, कौशल रोजगार निगम को भंग किया जाए, ठेकेदारी प्रथा को बंद किया जाए, एन पी एस व यू पी एस को बंद करके पुरानी पेंशन भंग की जाए, समान काम समान वेतन लागू हो आदि मांगों को लागू करने की मांग की है। इस मौके पर नगर पालिका, बिजली विभाग, पब्लिक हेल्थ, अग्निशमन आदि विभागों के कर्मचारियों ने धरना स्थल से पिहोवा बस स्टैंड होते हुऐ वापिस धरना स्थल तक जूलूस निकाल कर प्रदर्शन किया। इस मौके पर प्रदीप श्योराण, राहुल, सुरेंद्र सिंह, बलदारी, बलराम, बलराज,सुनील,रविंदर,कृष्ण, पंकज पुरी,रमन, हवा सिंह ,बलजीत कृष्ण कुमार, अमरीक सिंह, देव सिंह, अमर सिंह, अमित, रविंदर, कमलेश, पूजा, रानी आदि कर्मचारी उपस्थित थे।



## हड़ताल के समर्थन में जन संघर्ष मंच हरियाणा ने किया प्रदर्शन




हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रम कानूनों को निष्प्रभावी बनाने, मजदूर विरोधी लेबर कोड, निजीकरण, ठेका प्रथा, बढ़ती महंगाई, बेलगाम छंटनी-बेरोजगारी, आंगनवाड़ी वर्कर- हेल्पर आदि स्कीम वर्कर्स, महिलाओं के शोषण, सफाई कर्मचारियों, ग्रामीण चौकीदारों की दयनीय स्थिति, भवन निर्माण श्रमिकों के लिए कल्याणकारी योजनाओं व मनरेगा में भ्रष्टाचार, प्रवासी व असंगठित मजदूरों पर संकट, दमन आदि पर रोक लगाने के लिए की जा रही एक दिवसीय राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में जन संघर्ष मंच हरियाणा (घटक-मासा), मनरेगा मजदूर यूनियन, निर्माणकार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन ने अन्य संगठनों के साथ मिल कर नए बस स्टैन्ड से डीसी दफ्तर तक प्रदर्शन किया और वहां चल रहे कर्मचारियों मजदूरों के धरने में शामिल हुए। धरने को जन संघर्ष मंच हरियाणा (घटक-मासा) की महासचिव सुदेश कुमारी, वरिष्ठ नेता ऊषा कुमारी,आंगनवाड़ी वर्कर एंड हेल्पर यूनियन हरियाणा की प्रधान परमजीत कौर, निर्माण कार्य मजदूर मिस्त्री यूनियन के प्रधान करनैल सिंह मनरेगा मजदूर यूनियन के नेता मेवा सिंह आदि अनेक कर्मचारी और मजदूर नेताओं ने संबोधित किया और एक स्वर में सभी ने मजदूर कर्मचारी विरोधी चारों लेबर-कोड रद्द करने, सभी स्कीम वर्कर्स को वर्कर का दर्जा देने आदि मांग की।

### ये रहे शामिल

धरने पर मंच की वरिष्ठ नेता चंद्र रेखा, पूजा प्रतिमा सतीश जयप्रकाश, मनरेगा मजदूरों के नेता मेवा सिंह आंगनबाड़ी नेता परवीन अमनदीप कान्ता प्रीति जसवंत रूबी रेखा प्रवीण अमनदीप शारदा किरण आदि सैकड़ों आंगनवाड़ी वर्कर हेल्परआशा वर्कर मिड डे मील वर्कर स्कीम वर्कर व अन्य कर्मचारी मजदूर शामिल हुए।

---

### खबर संक्षेप



## अर्जुन त्यागी बने भाजपा के नए जिला महामंत्री

**पिहोवा।** भारतीय जनता पार्टी ने पिहोवा के अर्जुन त्यागी को कुरुक्षेत्र जिले का नया जिला महामंत्री नियुक्त किया है। पार्टी में लंबे समय से सक्रिय भूमिका निभा रहे अर्जुन त्यागी की छवि एक ईमानदार, शिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता के रूप में जानी जाती है। जानकारी देते हुए व्यापार मंडल के राष्ट्रीय महामंत्री विकास गर्ग ने बताया कि अर्जुन त्यागी पिछले एक दशक से पार्टी से जुड़े हुए हैं और विभिन्न जिम्मेदारियों को सफलता से निभा चुके हैं।

## बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम में हवन आज

**कुरुक्षेत्र।** बाबा बांसी वाला वृद्ध आश्रम एवं अन्नक्षेत्र लाडवा में आज 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर श्रीगुरु पूजन एवं हवन का आयोजन सुबह 9:30 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर आश्रम में नए एसी ब्लॉक का भी उद्घाटन लाडवा के दो प्रसिद्ध उद्योगपति एवं समाजसेवी विजेंद्र गोयल व सचिन गर्ग के कर कमलों द्वारा किया जाएगा। सुबह 10 बजे से 2 बजे तक आदेश हॉस्पिटल की सहयोग से मेगा हेल्थ चेकअप कैंप भी लगाया जाएगा।

## एमपीए में ऑल इंडिया कैटेगरी के लिए मेरिट 84.6 पर पहुंची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में विश्वविद्यालय में विभिन्न विभागों में दाखिले की प्रक्रिया चल रही है। बुधवार को एमपीए पांच वर्षीय प्रोग्राम में दाखिले की प्रथम मेरिट सूची जारी की गई। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि आल इंडिया कैटेगरी के लिए मेरिट 94.8 से 84.6, आल इंडिया कैटेगरी ईडब्ल्यूएस की 80.6, हरियाणा जनरल कैटेगरी की 82 प्रतिशत से 75.4 प्रतिशत, हरियाणा जनरल कैटेगरी ईडब्ल्यूएस 46.4 प्रतिशत, ओएससी की 74.8 से 62.6 प्रतिशत, डीएससी की 75.2 से 74.2 प्रतिशत, बीसीए की 66.2 से 57.4 तथा बीसीबी की 74.4 से 65.6 पर मेरिट समाप्त हुई। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि बीएचएम एंड सीटी प्रोग्राम में आल इंडिया कैटेगरी के लिए मेरिट 94.4 से 89.8 तक, ऑल इंडिया कैटेगरी ईडब्ल्यूएस की 82.4, हरियाणा ओपन जनरल कैटेगरी की 89.4 से 84.6 तक, हरियाणा जनरल कैटेगरी ईडब्ल्यूएस 82.2 से 80, ओएससी की 83.8 से 83 प्रतिशत, डीएससी की 84.4 से 77 प्रतिशत, बीसीए की 81.8 से 75.4 प्रतिशत पर समाप्त हुई।

## कुवि में पीएचडी कार्यक्रम के लिए 52 विद्यार्थियों ने दी प्रवेश परीक्षा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों में पीएचडी कार्यक्रम में प्रवेश के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि बुधवार को केमिस्ट्री विभाग, हिंदी, जियोफिजिक्स, पॉलिटिकल साइंस, लोक प्रशासन, टूरिज्म एंड होटल मैनेजमेंट, यूआईईटी तथा फामेर्सी विभाग में पीएचडी की 59 पार्ट टाईम सीटों के लिए 52 विद्यार्थियों ने प्रवेश परीक्षा दी। डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि पीएच.डी परीक्षा में पूछे गए प्रश्नों की कुंजी 9 जुलाई बुधवार को ही दोपहर 3 बजे तक अपलोड की जाएगी। आपत्तियां स्वीकार करने की तिथि 10 जुलाई रात्रि 11.55 बजे तक है।

# कीटनाशक का 1 और बीज के 2 सैंपल निकले फेल

- दो दुकानदारों के स्टॉक में अंतर मिलने पर विभाग ने दिया नोटिस
- अब तक खाद के 23, कीटनाशकों के 37 व विभिन्न फसलों के बीजों के 60 सैम्पल जांच के लिए भेजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उप कृषि निदेशक कुरूक्षेत्र डा. कर्मचन्द ने कहा कि विभाग द्वारा खाद, बीज व कीटनाशक के भरे गए नमूनों की जांच में 3 सैंपल फेल निकले। पिहोवा के दो दुकानदारों के स्टॉकों में अंतर मिलने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। कृषि आदानों की गुणवत्ता को लगातार जांचने के लिए कृषि निदेशालय से विपणन अधिकारी मुख्यालय डा. राकेश पोरिया की अगुवाई में संयुक्त टीम द्वारा विभिन्न मंडियों का कृषि आदानों का स्टॉक, गुणवत्ता व उपलब्धता जांचने के लिए औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें 4 खाद के सैम्पल एकत्रित किए गए। निरीक्षण के दौरान महावीर ट्रेडिंग कंपनी, पिहोवा एवं नंद लाल एण्ड कम्पनी, पिहोवा के स्टॉक में अंतर पाए जाने पर दोनों को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए उनके खुदरा व होलसेल लाइसेंस तुरंत प्रभाव से निलंबित कर दिए गए है। उन्होंने कहा कि अब तक खाद के 23, कीटनाशकों के 37 व विभिन्न फसलों के बीजों के 60 सैंपल एकत्रित करके प्रयोगशालाओं में भेजे जा चुके है, जिनमें से 82 नमूनों के परिणाम आ चुके है और 3 नमूने अभी तक (कीटनाशक का 1 व बीज के 2) फैल पाए गए है।



### 38 नमूनों का परिणाम आना अभी बाकी

बचे हुए 38 नमूनों का अभी तक परिणाम नहीं आया है। उन्होंने कहा कि खरीफ सीजन के दौरान बिजाई की जाने वाली फसलों के प्रयोग के लिए कृषि आदानों (खाद, बीज व कीटनाशक इत्यादि) की लगातार मांग बनी रहती है। किसानों को उच्च गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध हों, इसके लिए विभाग के निरीक्षकों को विशेष निर्देश दिए जाते है कि बाजार में उपलब्ध सभी प्रकार के कृषि आदानों की समय रहते सैम्पलिंग की जाए, ताकि किसानों को उचित समय पर उचित गुणवत्ता के कृषि आदान उपलब्ध करवाये जा सकें। इसी क्रम में निदेशालय से प्रत्येक सीजन में विभाग कृषि आदानों के नमूनों को एकत्रित करके राज्य प्रयोगशालाओं में विश्लेषण के लिए भेजने के लक्ष्य प्रदान किए जाते है।

## नवयुग स्कूल के विद्यार्थियों ने मनाया यैलो डे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

- विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया

नवयुग सीनियर सेकेंडरी स्कूल मोहन नगर कुरुक्षेत्र में कक्षा नर्सरी से द्वितीय तक के विद्यार्थियों ने बड़े ही उत्साह के साथ यैलो डे मनाया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। कक्षा नर्सरी से यूकेजी के विद्यार्थियों ने थंब प्रिंटिंग करके पाइनएप्पल तथा आम की आकृतियां बनाई। कक्षा प्रथम व द्वितीय के विद्यार्थियों ने हैंड प्रिंटिंग करके मोर की आकृति बनाई। सभी विद्यार्थी तथा अध्यापिकाएं पीले रंग के कपड़े पहन कर आए तथा पीले रंग के विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजन लेकर आए। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर बीडी गाबा ने कहा कि पीला रंग आनंद, खुशी, ज्ञान, सुख और शांति, विद्या, अध्ययन, विद्वता, योग्यता, एकाग्रता, मानसिक तथा बौद्धिक उन्नति का प्रतीक है। यह रंग मस्तिष्क को प्रफुल्लित और उत्तेजित करता है। इस रंग में खुशी, हर्ष, उत्साह और प्रसन्नता का अनुभव शामिल होता है। यह मन की स्थिति है। जब हम खुश महसूस करते हैं और जीवन के साथ संतुष्ट रहते हैं। इसलिए सदैव प्रसन्न रहें और स्वस्थ रहें। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ देवेन्द्र अरोड़ा, मुख्याध्यापिका प्रीती मिश्रा, कॉर्डिनेटर ऋतु चौधरी, अध्यापिका मंजीत, सीमा, नैंसी, परमज्योति, नीतू, सोनिया, रजनी, मीनाक्षी, पायल, मोनिका सुमन, प्रियंका सहित स्टाफ के सभी सदस्य उपस्थित रहे।



## साइबर धोखाधड़ी की सूचना के लिए डायल करें 1930 : नेहा सिंह

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते जिला वासियों से अपील करते हुए कहा कि वे ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेरज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं। ऐसे में पहले यह सुनिश्चित कर लें कि इस्तेमाल की जा रही वेबसाइट सुरक्षित है या नहीं।

## गुरु पूर्णिमा गुरु और शिष्य का मुख्य पर्व : आचार्य डॉ. मिश्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार सनातन धर्म में सभी तिथि का विशेष महत्व है। वहीं आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि के दिन गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। 10 जुलाई 2025 गुरुवार, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, धनु राशि के चंद्रमा , ऐंद्र योग में गुरु पूर्णिमा है। इस तिथि के दिन महाभारत के रचयिता ऋषि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन गुरु और शिष्य के बीच के पवित्र बंधन का सम्मान करने का अवसर है। इस दिन लोग अपने गुरुओं के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हैं और उनका आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। गुरु पूर्णिमा भगवान वेद व्यास के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वेद व्यास को महाभारत, पुराणों, वेद, उपनिषदों और अनेक अन्य हिन्दू ग्रंथों का रचयिता माना जाता है।


डॉ.सुरेश मिश्रा।

## गुरु ही सच्चा मार्ग दिखाता है : औलिया

**कुरुक्षेत्र।** समर्थगुरु धाम हिमाचल के जोनल कॉर्डिनेटर और श्रीदुर्गा देवी मंदिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि पंचांग के अनुसार सनातन धर्म में सभी तिथि का विशेष महत्व है। वहीं आषाढ़ माह की पूर्णिमा तिथि के दिन गुरु पूर्णिमा मनाई जाती है। 10 जुलाई 2025 गुरुवार, पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र, धनु राशि के चंद्रमा, ऐंद्र योग में गुरु पूर्णिमा है। इस तिथि के दिन महाभारत के रचयिता ऋषि वेद व्यास जी का जन्म हुआ था। इसलिए इस दिन को गुरु पूर्णिमा के नाम से जाना जाता है। गुरु पूर्णिमा को व्यास पूर्णिमा और वेद पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है। यह दिन गुरु और शिष्य के बीच के पवित्र बंधन का सम्मान करने का अवसर है।

## श्रीसंगमेश्वर धाम में श्रावण मास महोत्सव की तैयारियां हुई पूर्ण

- धार्मिक कार्यक्रम को लेकर मंदिर में किया व्यापक प्रबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पिहोवा

प्राचीन एवं ऐतिहासिक श्री संगमेश्वर धाम अरूणाय में 11 जुलाई से मनाए जाने वाले श्रावण मास महोत्सव की तैयारी पूरी कर ली गई हैं। श्रीपंचायती अखाड़ा महानिवार्णी के सचिव महंत रविंद्र पुरी और सचिव महंत विश्वनाथ गिरी के सानिध्य में मनाए जा रहे इस भव्य धार्मिक कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रांतो से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की सुख- सुविधाओं के लिए मंदिर प्रबंधन द्वारा व्यापक प्रबंध किए गए हैं। महंत विश्वनाथ गिरी ने बताया कि पूरा श्रावण मास मंदिर में आने वाले श्रद्धालु भगवान संगमेश्वर पर जल, दूध, विल्व पत्र, धतूरा, भांग, दही, शहद आदि चढ़ाकर अपने व परिवार के सुखमय जीवन की कामना करते हैं। शिव भक्तों द्वारा प्रतिदिन मिट्टी से पार्थिव शिवलिंग बनाकर उसका पूजन होता है, इसके बाद इन्हें सगंम तीर्थ में विसर्जित किया जाता है। उन्होंने बताया कि पार्थेश्वर शिवलिंग पूजन का सनातन संस्कृति में हजारों वर्ष पुराना महत्व है। सेवादल प्रबंधक भूषण गौतम ने बताया कि 9 अगस्त तक चलने वाले पूजा- पाठ क्रम में विद्वान ब्राह्मणों व महंत विश्वनाथ गिरी द्वारा प्रतिदिन मंदिर में प्रातः 5 बजे 11 हजार बेलपत्रो द्वारा पूजा तथा 9 से 11 बजे तक पार्थिव पूजन और शाम को 5 से 9 बजे तक भगवान संगमेश्वर के शृंगार के दर्शन होंगे तथा सुबह - शाम भव्य आरती के पश्चात प्रसाद वितरण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मंदिर में आने वाले किसी भी श्रद्धालु को कोई परेशानी न हो, इसके लिए लगभग 350 सेवादल सदस्यों की ड्युटियां लगाई गई है। श्रद्धालुओं के लिए आवास व भोजन की निशुल्क व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि 21 को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं की मंदिर प्रबंधन की ओर से शादियां करवाई जाएगी व 22 को कावड़ लेकर आने वाले भक्त भगवान शिव को जल अर्पित करेंगे।

**मौसम** शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव, गर्मी से मिली राहत

# बारिश ने खोली पानी निकासी के दावों की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

बुधवार शाम को आई बारिश ने जहां लोगों को गर्मी से राहत दिलवाई, वहीं कुछ लोगों के लिए बारिश आफत बन कर आई। शहर की कई कॉलोनियों में जलभराव हो गया। पिछले करीब एक सप्ताह से गर्मी का सितम जारी है। मंगलवार रात्रि भी तेज बारिश हुई थी लेकिन बुधवार सुबह तेज धूप निकलने से उमस बढ़ गई। लोग दिनभर उमस से परेशान रहे। वहीं बुधवार को शाम करीब 5 बजे अचानक मौसम में बदलाव आया। तेज हवाओं के साथ आसमान में काले बादल छा गए। इसके बाद झमाझम बारिश शुरू हुई। बारिश के कारण गर्मी से राहत मिली। वहीं शहर के शास्त्री मार्किट, महाराणा प्रताप चौक, देवीलाल चौक, झांसा रोड, कुटिया वाली गली सहित कई जगहों पर जलभराव हो गया। बारिश के कारण जगह-जगह जलभराव होने के कारण कई वाहन पानी के बीच में ही फस गए और कई वाहन खराब हो गए। मेन बाजार में निकासी की व्यवस्था न होने के कारण नालियों का पानी भी सड़कों पर जमा हो गया। इस कारण बाजार में खरीदारी करने आए लोगों को खासी परेशानी हुई। प्रशासन लंबे समय से बारिश की तैयारी का दम भर रहा था, लेकिन झमाझम बारिश ने पोल खोल दी। शहर की कई कॉलोनियों ने जलभराव हो गया।


कुरुक्षेत्र। बारिश में अपने गंतव्य की ओर जाते वाहन चालक।

### *झमाझम बारिश से खेतों में भरा पानी*

*बारिश ने लोगों को जहां उमस भरी गर्मी से राहत दिलाई वही किसान इस बारिश को कृषि के लिए फायदेमंद बता रहें है। झमाझम बारिश से किसानों के चेहरे खिल गए हैं। किसानों की मानें तो इससे धान की फसल को फायदा पहुंचा है। किसान मायाराम ने बताया कि धान की फसल के लिए आज की बारिश अमृत के समान है।*

## *बारिश में पानी निकासी की दिक्कत आने पर संबंधित विभाग के अधिकारी होंगे जिम्मेदार : नेहा सिंह*

- उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को फील्ड में जाकर बरसाती पानी की निकासी के प्रबंधों का जायजा लेने के दिए आदेश

**कुरुक्षेत्र।** उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि बारिशों के सीजन में अगर किसी जगह भी पानी का भराव हुआ या पानी निकासी में कोई दिक्कत आई तो सम्बन्धित विभाग के अधिकारी की जिम्मेवारी तय की जाएगी। इसलिए सभी सम्बन्धित विभागों के अधिकारी फील्ड में जाकर जायजा लेंगे और जहां कहीं भी कोई कमी है तो उसे समय रहते दुरुस्त करेंगे। इस मामलें में जरा सी भी लापरवाही सहन नहीं की जाएगी। उपायुक्त नेहा सिंह ने मानसून के मौसम में जिले में जलभराव रोकने के लिए सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि वे अपने क्षेत्रों में नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा करें और समयबद्ध तरीके से उन परियोजनाओं को पूरा करवाना द्व सुनिश्चित करें।

### पेयजल आपूर्ति में नहीं होनी चाहिए कमी



*उपायुक्त ने कहा कि सरस्वती नदी में सीवेज का पानी या प्रदूषित नाला नहीं गिरना चाहिए क्योंकि सरस्वती नदी को साफ करना हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि हमें सीवेज के पानी के उपायुक्त नेहा सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले में सिंचाई के लिए उपलब्ध पानी का समान व समुचित वितरण सुनिश्चित किया जाए ताकि किसानों को किसी प्रकार की कोई कठिनाई न आए। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सभी स्त्रोंतों से उपलब्ध जल का प्रबंधन सही ढंग से करते हुए जिले के हर इलाके में पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि आगामी गर्मी के मौसम में पेयजल आपूर्ति की कोई कमी नहीं होनी चाहिए। पेयजल आपूर्ति के लिए जलाशयों की सफाई, रॉ वाटर की आपूर्ति, टैंकर्स की आवश्यक संख्या आदि के लिए समुचित व्यवस्था की जाए।*

